दिनांकः- 03.04.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिये जनपद महोबा में नामांकन की प्रक्रिया हुयी शुरू...

## DM/SP तथा ADM/ASP ने सुरक्षा के दृष्टिगत नामांकन स्थल का लिया जायजा, कानून व्यवस्था बनाये रखने के दिये कडे निर्देश...।

आज दिनांक 03.04.2021 को जनपद महोबा में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिये नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत हो गयी है जिसके क्रम में जिलाधिकारी महोबा श्री सत्येन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रुप से नामांकन केंद्र पर पहुंच भ्रमण एवं स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।इसी क्रम में **ADM/ASP** महोबा द्वारा भी नामांकन स्थल का दौरा किया गया व नामांकन को लेकर ड्यूटी में लगे अधि0/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

मालूम हो कि जनपद महोबा में आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत प्रथम चरण में नामांकन की प्रक्रिया दिनांक 03/04.04.2021 को सम्पन्न करायी जानी है, जिसके क्रम में जनपदीय पुलिस व प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है, नामांकन में आचार संहिता का शत-प्रतिशत अनुपालन कराया जायेगा जो अनुपालन नहीं करेगा उसके विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान नामांकन स्थल पूरी तरह से नाकाबन्दी रहेगी चारों तरफ से बैरियर व बैरिकेडिंग कर सम्पूर्ण परिसर को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है, मुख्य गेट पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी है जहां महिला पुलिस कर्मियों की भी ड्यूटी लगायी गयी है जिससे महिला प्रत्याशियों की भी चेकिंग कराई जा सके सघन चेकिंग के बाद ही प्रत्याशी व उनके आवेदकों को प्रवेश दिया जायेगा।



Mahoba

@mahobapolice SP Mahoba 7839857330

## चेकिंग के दौरान पनवाडी पुलिस टीम पर फायर करने वाले अभियुक्त को अवैध तमंचा व 05 जिन्दा/01 खोखा कारतूस सहित किया गिरफ्तार....।

जनपद में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र एवं अपराधिक घटनाओं पर पूर्णतः अंकुश लगाने के क्रम में संदिग्धों की चेकिंग कर शातिर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम के निकट पर्यवेक्षण पर निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके क्रम में दिनांक 02.04.2021 को क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री राजकुमार पाण्डेय के सफल पर्यवेक्षण में **SHO** पनवाडी श्री विनोद कुमार द्वारा गठित व0उ0नि0 अनुरुद्ध प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम के द्वारा विरमा नदी रपटा पुल बहद ग्राम नटर्रा के पास चेकिंग की जा रही थी जहां अभियुक्त बल्दू पुत्र दुलीचन्द्र उम्र 40 वर्ष द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया पुलिस पार्टी बाल-बाल बच गयी तथा पुलिस पार्टी ने अपनी जाने को जोखिम में डालते हुए अभियुक्त बल्दू उपरोक्त को घेर कर गिरफ्तार कर लिया जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा देशी 12 बोर व 05 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज व एक अदद खोखा कारतूस 12 बोर बरामद हुए। जिसके सम्बन्ध मे थाना हाजा पर मु0अ0सं0 64/2021 धारा 307 भादवि, मु0अ0सं0 65/2021 धारा 3/25 A ACT का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को जेल भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण...।

बल्दू पुत्र दुलीचन्द्र उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम नटर्रा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा।

### गिरफ्तार करने वाली टीम...।

1. व0उ0नि0 अनुरुद्ध प्रताप सिंह 2. उ0नि0 कमलेश कुमार थाना पनवाड़ी जनपद महोबा 3. का. अभिषेक यादव 4. का. जयदीप पटेल थाना पनवाङी जनपद महोबा



Mahoba

दिनांकः- 03.04.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले कुलपहाड पुलिस ने की नकली शराब के विरुद्ध कडी कार्यवाही..।

### मौके से 140 ली0 नकली शराब, नकली शराब भरे क्वार्टर 141 अदद, रैपर 2229, QR कोड 421, ढक्कन 1890 अदद इत्यादि व पैकिंग करने वाली मशीन बरामद...।

जनपद महोबा में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा अवैध शराब/नशीले पदार्थों की बिक्री एवं अपराधिक घटनाओं पर पूर्णतः अंकुश लगाने के क्रम में अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के आदेशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम के निर्देशन पर व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री राजकुमार पाण्डेय के सफल पर्यवेक्षण में अभियान चलाया जा रहा है।



शराब व शराब माफियाओं के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 02.04.2021 को SHO कुलपहाड श्री रविन्द्र कुमार तिवारी व SSI देवेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा गस्त कर संदिग्धों की चेकिंग की जा रही थी कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि सतारी के गांव के पास जंगल स्थित तालाब के पास बनी झोपडी के अन्दर कुछ लोग आगामी पंचायत चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से नकली शराब बना रहे हैं यदि जल्दी करें तो सभी को पकडा जा सकता है।

जिसके क्रम में **SHO** कुलपहाड़ श्री रविन्द्र कुमार तिवारी व **SSI** देवेन्द्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीम मय हमराही कर्मचारी गणों की मदद से चारो तरफ से घेर दबिश देकर नकली शराब बनाते हुये मय नकली सामग्री के 04 नफर अभियुक्तगण क्रमशः (1) निर्भय सिंह यादव पुत्र स्व0 नारायण सिंह यादव उम्र करीब 35 वर्ष (2) दुष्यन्त सिंह यादव पुत्र जयहिन्द यादव उम्र करीब 21 वर्ष (3) भरत खंगार पुत्र दशरथ उम्र करीब 40 वर्ष (4) राहुल यादव पुत्र राजेन्द्र यादव उम्र करीब 23 वर्ष को ग्राम सतारी में पहाड़/जंगल मे तालाब के निकट स्थित झोपड़ी वहद ग्राम सतारी थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा से गिरफ्तार किया गया । जिनके विरुद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 75/2021 धारा 272/419/420/467/468/471/120B **IPC 60A** आबकारी अधिनियम पंजीकृत कराया गया व बिना कागजात के दो अदद मोटर साइकिल मिलने पर अन्तर्गत धारा 207 **MV ACT** में वाहन सीज कर नियमानुसार कार्यवाही की गयी।

# महोबा पुलिस

दिनांकः- 03.04.2021

सोशल मीडिया सेल

## गिरफ्तार अभियुक्त गण का विवरणः-

1. निर्भय सिंह यादव पुत्र स्व0 नारायण सिंह यादव उम्र करीब 35 वर्ष निवासी मु0 सतियनपुरा कस्बा व थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा
2. दुष्यन्त सिंह यादव पुत्र जयहिन्द यादव उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम रावतपुरा खुर्द थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा
3. भरत खंगार पुत्र दशरथ उम्र करीब 40 वर्ष निवासी काशीराम कालोनी ग्राउंड फ्लोर रुम नं018 कस्बा व थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा
4. राहुल यादव पुत्र राजेन्द्र यादव उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम रावतपुरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

## बरामद माल का विवरणः-

1.200 **ML** की खाली प्लास्टिक के नये पौवे कुल 477 अदद

2.नकली **QR CODE** का स्टीकर एक वण्डल (रोल) 421 अदद

3.नकली शराब भरे क्वार्टर 141 अदद मय रैपर व क्यूआर कोड लगे हुये।

4. एक बोतल औरेन्ज फ्लेवर करीब 250 ग्राम

5.एक पैकिंग उपकरण/मशीन लोहे(पौवे के ढक्कन को सील्ड करने वाली मशीन) की।

6. नकली निर्मित शराब प्लास्टिक 4 केन में लगभग 140 लीटर बनी हुई नकली देशी शराब

7.खुले नये ढक्कन 1890 अदद

8.नकली छपे हुये रैपर (दिल से ब्राण्ड) 2229 अदद

## गिरफ्तार करने वाली संयुक्त टीम का विवरणः-

1.**SHO** श्री रविन्द्र कुमार तिवारी

2.**SSI** देवेन्द्र कुमार मिश्रा

3.उ0नि0 अनमोल सिंह

4.कां0 मिथुन कुमार

5.कां0 रन्धीर सिंह 6.कां0 हरीप्रताप सिंह

7.कां0 संदीप मौर्या

8.कां0 दयाशंकर

9.कां0 पवन कुमार

**आबकारी टीमः-**

1.निरीक्षक योगेश कुमार गुप्ता

2.कां0 मुश्ताक उल्ला

Mahoba Police

# महोबा पुलिस

दिनांकः- 03.04.2021

सोशल मीडिया सेल

## “मिशन शक्ति” अभियान के तहत बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा सम्बन्धी अधिकारों के प्रति किया गया जागरुक...।

आज दिनाँक 03.04.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपद में संचालित हो रहे **“मिशन शक्ति”** महाभियान कार्यक्रम के तहत नोडल अधिकारी मिशन शक्ति निरीक्षक रचना सिंह मय टीम के साथ जनपद महोबा में प्रमुख स्थानों पर मिशनशक्ति जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन व नारी सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया, जिसमें कहा कि सभी छात्रायें अपने अधिकारों के प्रति सजग और जागरुक रहें आज के समय में छात्रायें किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है आप अपनी शक्ति को पहचाने इसी क्रम में कहा कि स्कूल आते जाने समय हमेशा सतर्क रहें और रास्ते में यदि कोई आपका पीछा करता है या कोई अपशब्द/अश्लील बातें या फब्तियां कसता है तो आप सभी को अपने सम्मान, अपनी सुरक्षा व स्वावलंबन के प्रति जागरुक होकर तत्काल असामाजिक तत्वों के विरुद्ध हेल्पलाइन नम्बरों- 112, 1090, 1076 या अपने नजदीकी पुलिस थाने को सूचना दें या फिर पुलिस के ट्वीटर हैंडल **@mahobapolice** का भी प्रयोग कर शिकायत दर्ज कराते हुये शोहदों को उनका सबक सिखायें इसी क्रम में सभी को जनपद के प्रमुख अधिकारियों के सीयूजी नंबरो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हे साइबर अपराध एवं महिला कानूनो की भी जानकारी दी देते हुये सभी को मिशनशक्ति जागरुकता पम्पलेट्स का वितरण भी किया गया।








दिनांकः- 03.04.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## एण्टी रोमियो स्क्वॉड ने क्षेत्र में भ्रमण कर संदिग्ध/असामाजिक तत्वों से की पूंछतांछ...।

आज दिनांक 03.04.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम के निकट पर्यवेक्षण में महिलाओं व बालिकाओं में सुरक्षा की भावना और अधिक सुदृढ किये जाने के उद्देश्य से प्रभारी एण्टी रोमियो स्क्वाड निरीक्षक श्रीमती रचना सिंह ने म0कां0 रेखा देवी व साधना यादव की टीम के साथ जनपद स्तर पर गठित एण्टीरोमियो स्क्वॉड सक्रिय रुप से कार्यवाही कर रहे हैं टीम द्वारा कोचिंग सेन्टरों/स्कूल/कॉलेजेस/विभिन्न सार्वजनिक स्थानो आदि के आसपास अनावश्यक रुप से चहलकदमी करने वाले मनचलों /संदिग्ध युवको की चैकिंग कर सख्त हिदायत दी जा रही है।

बालिकाओं/छात्राओं से पूंछा जा रहा है कि वह कौन-कौन से स्थान हैं जहां पर मनचलों द्वारा उनको परेशान किया जाता है, फब्तियां कसी जाती हैं तथा कहां पर छात्राओं को एण्टीरोमियो टीम की आवश्यकता ज्यादा महसूस होती हैं ..? जिससे ऐसे स्थानों को चयनित कर शोहदों के विरुद्ध प्रभावी विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा सके।

इसी क्रम में एण्टी रोमियो टीम द्वारा सभी बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक भी किया जा रहा है जिसमें उनको हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देते हुये सभी को महिला कानूनों के बारे में भी बताया जाता है तथा उनसे एक साथ तीन सवारी बैठकर सफर न करने की हिदायत भी दी जा रही है।



# थाना अजनर पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ 02 नफर अभियुक्त किये गिरफ्तार...।

जनपद महोबा में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा अवैध शराब/नशीले पदार्थों की बिक्री एवं अपराधिक घटनाओं पर पूर्णतः अंकुश लगाने के क्रम में अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री राजकुमार पाण्डेय के सफल पर्यवेक्षण में अभियान चलाया जा रहा है।

जिसके क्रम में आज दिनांक 03.04.2021 को थाना अजनर **SHO** श्री श्याम प्रताप पटेल द्वारा गठित टीम ने अभियान मे शामिल होकर अभियुक्त गण क्रमश 1. दीपेन्द्र राजपूत पुत्र देवकीनन्दन उम्र करीब 30 वर्ष नि. ग्राम महुआबाँध थाना अजनर जनपद महोबा 2. विसेन्द्र राजपूत पुत्र बृजराज उम्र 21 वर्ष नि. ग्राम महुआबाँध थाना अजनर जनपद महोबा को महुआबाँध चौराहे से करीब 70 मीटर महुआबाँध ग्राम की ओर सड़क पर के पास वहद ग्राम महुआबाँध के पास से गिरफ्तार किया जिनके कब्जे से दो थैलो में अलग – अलग 20 – 20 अदद क्वार्टर देशी शराब नाजायज रुप से बरामद की गयी, बरामदगी के आधार पर अभियुक्त गण उपरोक्त के खिलाफ क्रमशः मु0अ0सं0 60 व 61/2021 धारा 60**Ex Act** पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम...।

1.उ.नि. हरिश्चन्द्र मिश्रा थाना अजनर जनपद महोबा

2.का. राममिलन राजपूत 3.का. चन्दन पांचाल

## गिरफ्तार किये गये अभियुक्त का विवरण...।

1. दीपेन्द्र राजपूत पुत्र देवकीनन्दनउम्र करीब 30 वर्ष
2. विसेन्द्र राजपूत पुत्र बृजराज उम्र 21 वर्ष

नि. ग्राम महुआबाँध थाना अजनर जनपद महोबा




Mahoba Police

## कबरई पुलिस ने 03 नफर वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार




आज दिनाँक 03.04.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे वाँछित/वारन्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत थानाध्यक्ष कबरई श्री दिनेश सिंह द्वारा गठित टीम ने थाना हाजा पर पंजीकृत **मु0अ0सं0 120/2021 धारा 304/323/504 भादवि** से संबधित 03 नफर वाँछित अभियुक्त 1. सूरज पुत्र कालीदीन उम्र 58 वर्ष 2. देवेन्द्र पुत्र फूल सिंह उम्र 28 वर्ष 3. मंगल पुत्र कालीदीन उम्र करीब 38 वर्ष, समस्त नि0ग्राम यादव खोड़ा धरौन थाना कबरई जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया, **जिनके कब्जे से 02 अदद लाठी आला कत्ल बरामद किया गया ।** बाद विधिक कार्यवाही अभियुक्तों को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-

1. सूरज पुत्र कालीदीन उम्र 58 वर्ष
2. देवेन्द्र पुत्र फूल सिंह उम्र 28 वर्ष
3. मंगल पुत्र कालीदीन उम्र करीब 38 वर्ष

नि0ग्राम यादव खोड़ा धरौन थाना कबरई जनपद महोबा।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. उ0 नि0 श्री महेन्द्र सिंह तोमर
2. हे0 का0 राजेश कुमार

## क्षेत्राधिकारी नगर एवं चरखारी मय पुलिस बल के साथ पैदल गस्त करके की गई संदिग्धों की चेकिंग एवं यातायात के तहत किये गये ई-चालान




आज दिनाँक 03.04.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में पंचायत चुनाव के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय एवं सीओ चरखारी श्री उमेश चन्द्र मय पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र में पैदल गस्त करके मुख्य बाजार, बस स्टैण्ड, ढाबा, शराब की दुकानों की चेकिंग की गई एवं सेल्समैन को नियमानुसार शराब बिक्री के निर्देश दिये गये । तत्पश्चात सीओ चरखारी द्वारा महिला पुलिस चौकी का निरीक्षण किया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । साथ ही जनपद के समस्त थानों द्वारा भी क्षेत्र में पैदल गस्त के दौरान सघन चेकिंग अभियान चलाकर शराब की दुकानों को सख्त निर्देश दिये गये । संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान **38 वाहनो का ई-चालान** किया गया ।



# GOOD MORNING MAHOBA

दिनांक 03.04.2021

MAHOBA POLICE

सोशल मीडिया सेल



जनपदीय पुलिस की गुड़ मार्निंग टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में सुबह कि सैर करके ग्रामीण क्षेत्र के लोगो से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना तथा स्कूली बच्चों से मिलकर आगामी माह में होने वाली बोर्ड परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण टिप्स दिये ।



चलो दुखों को भुलाकर एक बार फिर जीते हैं, कब तक ऐसे जियेंगे?
चलो आज ज़िन्दगी की शुरुआत एक मुस्कुराहट के साथ करते हैं। सुप्रभात।

